26.03.2026 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

1- पश्चिम एशिया की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक, विपक्षी दलो ने किया केंद्र सरकार का समर्थन।

2- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी।

3- देश, दुनिया की गतिविधियों से परिचित कराती है पत्रकारिता: कहा राज्यपाल ने।

4- मुख्यमंत्री आज छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के दौरे पर, विकास कार्यों का करेंगे शुभारंभ।

सर्वदलीय बैठक

सरकार ने कल शाम संसद भवन परिसर में पश्चिम एशिया की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और अन्य नेता शामिल हुए।

इस बैठक के बाद श्री रिजिजू ने मीडिया से बातचीत कहा कि विपक्षी नेताओं के सभी सवालों और चिंताओं का सरकार ने समाधान किया है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी विपक्षी दलों ने इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों में अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

शेयर बाजार

देश के प्रमुख शेयर सूचकांकों ने पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों के चलते कल डेढ़ प्रतिशत से अधिक की बढ़त बनाई। सेंसेक्स एक हजार दौ सौ पांच अंक यानी एक दशमलव छह तीन प्रतिशत बढ़कर 75 हजार 273 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 394 अंक यानी एक दशमलव सात दौ प्रतिशत बढ़कर 23 हजार 306 पर स्थिर हुआ।

ईरान-अमरीका-इस्राएल

ईरान ने अमरीका के युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा है कि वह युद्ध केवल अपनी शर्तों और समय-सीमा के अनुसार समाप्त करेगा। ईरान ने अपने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रेस टीवी पर स्पष्ट किया है कि जब तक उसकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वह अपनी

रक्षा के लिए दुश्मनों पर कड़े हमले जारी रखेगा। अधिकारी के अनुसार, अमरीका द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव ईरान को 'अत्यधिक' लगते हैं। अधिकारी ने उन विशिष्ट शर्तों का उल्लेख किया जिनके अंतर्गत ईरान युद्ध समाप्त करने पर सहमत होगा।

<u>मंत्रिमंडल - निर्णय</u>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना - संशोधित उड़ान योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2035-36 तक दस वर्षों की अवधि के लिए मंजूरी दे दी है। इस पर 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मंत्रिमंडल फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा अनुपलब्ध हवाई पट्टियों से 100 नए हवाई अड्डों का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा किफायती बनेगी।

<u>दुर्गा दास - राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव</u>

जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने कहा है कि जनजातीय समुदायों का योगदान हर युग में महत्वपूर्ण रहा है और इसे संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कल नई दिल्ली में आयोजित 10वें राष्ट्रीय जनजातीय तथा लोक संस्कृति साहित्य महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री उइके ने जनजातीय साहित्य और संस्कृति को भारत की सभ्यतागत चेतना का अभिन्न अंग बताया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने दो दिवसीय इस महोत्सव का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से किया है।

<u>हिन्दी पत्रकारिता- राज्यपाल</u>

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पत्रकारिता समाज, देश और दुनिया की गतिविधियों से आमजन को प्रतिदिन परिचित कराती है। समस्याओं को उजागर कर उनका समाधान प्रस्तुत करती है। नए परिवर्तनों और भविष्य के दिशा-दर्शन पर चर्चा और चिन्तन को प्रोत्साहित करती है। राज्यपाल श्री पटेल कल माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल द्वारा हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने माधव राव सप्रे सम्मान से लोकमत समाचार पत्र के वरिष्ठ संपादक विकास मिश्र को, महेश गुप्ता सृजन सम्मान से अरूण नेथानी को और अशोक मानोरिया पुरस्कार से डॉ. बृजेश शर्मा को सम्मानित किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर सभी हिन्दी प्रेमियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि पत्रकारिता का स्वरूप हमेशा जन कल्याणकारी, समाज सेवी और राष्ट्र हितैषी हो, यह समय की महती आवश्यकता भी है।

<u>मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना- राज्यपाल</u>
राज्यपाल मंगुभाई पटेल आगामी 1 अप्रैल को मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के हितग्राहियों को दुधारू पशुओं की सौगात देंगे। कार्यक्रम मंडला जिले के विकासखंड बिछिया के ग्राम कान्हारी कला में होगा। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, सहरिया एवं भारिया समुदाय के समग्र विकास, आर्थिक सशक्तिकरण के लिये मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना संचालित की जा रही है। योजना का क्रियान्वयन डिंडोरी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, मुरैना और भिंड जिले में किया जा रहा है।

<u>मुख्यमंत्री संदेश</u>
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अपने जन्म-दिन पर आकाशवाणी उज्जैन से संदेश देते हुए सिंहस्थ-2028 को विश्व-स्तरीय आयोजन के साथ भव्य और अद्वितीय बनाने की सरकार की संकल्पबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लिये प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के आकाशवाणी केंद्र से आप सभी के साथ जुड़ते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है।

<u>मुख्यमंत्री- छिंदवाड़ा</u>
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छिंदवाड़ा और नये जिले पांढुर्णा को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोनों जिलों में विकास को और अधिक गति देने के लिये विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पुलिस ग्राउंड, छिंदवाड़ा में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे 506.29 करोड़ की लागत के 105 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले को विकास की सौगात देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नये जिले पांढुर्णा में 362.80 करोड़ रूपये के 67 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे।

समीक्षा बैठक- गौतम टेटवाल

कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ जिले के सारंगपुर नगर में कल उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विकास कार्यों, आधारभूत संरचना, जल संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का समग्र मूल्यांकन किया। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रशासनिक दक्षता, समयबद्धता और गुणवत्ता को केंद्र में रखने के निर्देश दिए गए।

फुटबॉल - सैफ

दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ -सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत की पुरुष टीम आज माले में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत को पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप बी के पहले मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 2-0 से हराया था। भारतीय टीम शनिवार को अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश से खेलेगी।

संक्षिप्त समाचार

1- संस्कृति विभाग द्वारा भगवान श्रीराम के 'प्राकट्य पर्व' श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर कल प्रदेश के सात स्थलों पर श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका, गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया जाएगा।

2- मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को प्रदेश में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर दिखेगा।

3- कटनी के साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 28 मार्च से 30 मार्च तक जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन किया गया है।

4- इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा। इस बार 10 टीमों के बीच 84 मैच होंगे, पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु में होगा।